# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 02.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 02.12.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा आगामी त्योहार के दृष्टिगत शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 यूटी श्री अनुभव पटेल एवं मुख्य आरक्षी करन सिंह,आरक्षी शिवपूजन,महिला आरक्षी अंजली द्वारा मु0न0 3113 धारा 452/323/504/506 भादवि0 की वारंटी अभियुक्ता सरोज उर्फ सुकुरी पत्नी चुन्ना कोरी निवासी जगदेव दास अखाड़ा तरौंहा कर्वी माफी को गिरफ्तार किया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिनांक 02.12.2024 को क्षेत्राधिकारी लाइन्स/यातायात श्री राजेश द्विवेदी का जनपद चित्रकूट से जनपद फर्रुखाबाद स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हे भावभीनी विदाई दी गई।

इस विदाई समारोह पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा स्थानान्तरित उपाधीक्षक श्री राजेश द्विवेदी को फूल-माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा स्थानान्तरित उपाधीक्षक की प्रशंसा करते हुए कहा कि इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है एक निरीक्षक के रुप में जनपद में अपनी कार्यशैली से सभी को प्रभावित किया है आशा है कि स्थानान्तरित जनपद में उपाधीक्षक के रुप में भी अपने कार्य से अमिट छाप छोड़े ,इनके स्थानान्तरण होने से हम लोगों को इनकी कमी खलेगी वही स्थानान्तरित उपाधीक्षक श्री राजेश द्विवेदी ने कहा कि मुझे चित्रकूट की जनता और पुलिस की तरफ से ढेर सारा प्यार और स्नेह मिला, जिसे मैं कभी भुला नही पाऊंगा। अपने चित्रकूट के कार्यकाल में मुझे यहाँ अपनापन लगने लगा था। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि पदाधिकारियों का आना–जाना लगा रहता है परन्तु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते है जो अपने कार्य के बदौलत एक अलग छाप छोड़ जाते है, जिन्हे लोग भूल नही पाते हैं।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल, क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु श्री फहद अली व प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण,वाचक पुलिस अधीक्षक श्री राजीव सिंह,निरीक्षक श्री परितोष दीक्षित,प्रभारी आईजीआरएस निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार यादव प्रधान लिपिक श्री आनंद मोहन शुक्ला सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।